हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

06 नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले को गिरफ्तार...



09 बिजली आपूर्ति ठप! किसानों ने प्रदर्शन कर चक्काजाम...





## खबर संक्षेप

### आज दिलाई जाएगी राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

**सीहोर।** प्रदेश में एकता, अंखडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ 31 अक्टूबर को दिलायी जायेगी। शपथ कार्यक्रम के बाद प्रत्येक जिले में कम से कम एक स्थान पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आमजन की सहभागिता से किया जायेगा। जिले के समस्त पुलिस स्टेशनों में शुभारंभ समारोह, एकता शपथ ग्रहण समारोह, स्कूलों व पुलिस स्टेशनों में सरदार पटेल फोटो प्रदर्शनी, एकता वृक्षारोपण का आयोजन किया जायेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने जिलों में आयोजित शपथ कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक, समस्त संभागायुक्त, कलेक्टर एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। मंत्रालय स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में प्रातः 10 बजे एकता, अंखडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी जायेगी। शपथ में मंत्रालय, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं विभागाध्यक्षों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 3 नवंबर को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 3 नवंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2025-26 में जलाशयों में उपलब्ध जल भंडारण क्षमता पर चर्चा की जाएगी तथा वर्ष 2024-25 में हुई वास्तविक सिंचाई उपलब्धि, वर्ष 2025-26 के रबी फसल के सिंचाई लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा।

### स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी दी है। अब 13 नवंबर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन दिए जा सकते हैं। आवेदन के लिए बढ़ी हुई तिथि नियमित और संविदा कार्मिकों के साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स के लिए भी लागू होगी। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्र में रहने वाले अनेक पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स कुछ कारणों से इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। कोई भी पात्र कर्मचारी या पेंशनर्स इस योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसलिए आवेदक की अंतिम तिथि बढ़ाई है।

---

### राज्यपाल तथा कृषि मंत्री ने आरएके कॉलेज में कन्या छात्रावास व ऐरोपोनिक्स इकाई का किया लोकार्पण

# प्रकृति का शोषण नहीं-पोषण करें, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत : राज्यपाल मंगू भाई

### राज्यपाल बोले एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण योगदान है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने सीहोर स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कन्या छात्रावास और ऐरोपोनिक्स इकाई का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कन्या छात्रावास एवं ऐरोपोनिक्स इकाई का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने अपने प्रेरक संबोधन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए वर्मी कंपोस्ट का उपयोग किया जाना चाहिए। यह प्राकृतिक खेती का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और भूमि की उर्वरता को बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे जैविक खेती की पद्धतियों को अपनाएँ और भूमि के प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करें। राज्यपाल पटेल ने किसानों से कहा कि वे जैविक खेती, आधुनिक तकनीकों और नई शोध पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाएँ। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से कहा कि वे उन्नत बीजों और नई तकनीकों पर अनुसंधान करें ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए उत्तम आहार और संतुलित जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जंक फूड का कम उपयोग करें और अपने भोजन में स्वास्थ्यवर्धक एवं पोषक तत्वों से भरपूर आहार को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि मशरूम जैसी पौष्टिक फसलों को आम घरों तक पहुँचाने और लोगों को इसके उपयोग के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आम घरों में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, क्योंकि यह न केवल पोषण का अच्छा स्रोत है, बल्कि आय का अतिरिक्त साधन भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि अब समाज में लोगों का रूझान जैविक उत्पादों की ओर बढ़ रहा है, जो एक सकारात्मक बदलाव है और यह किसानों के लिए भी नए अवसरों के दरवाजे खोलता है।

उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक वन मध्यप्रदेश में हैं, जो इस प्रदेश के लिए प्रकृति का अनमोल खजाना हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस खजाने का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण मिले। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति अपनी “माँ” के नाम से एक पेड़ लगाए और उसकी नियमित देखरेख करे। यह न केवल भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक होगा, बल्कि प्रकृति के संरक्षण में भी एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि यदि हर व्यक्ति यह जिम्मेदारी निभाए, तो धरती और अधिक हरित और समृद्ध बन सकती है। उन्होंने प्रकृति और औषधीय गुणों के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि अधिकांश पेड़ों में औषधीय गुण होते हैं, जो प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें प्रकृति का शोषण नहीं, बल्कि पोषण करना है, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और समृद्ध पर्यावरण निर्मित कर सकें।

राज्यपाल श्री पटेल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मेहनत, शोध और नवाचार की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण का संयोजन ही भविष्य को बेहतर दिशा प्रदान कर सकता है। उन्होंने आरएके कृषि महाविद्यालय में नवनिर्मित कन्या छात्रावास की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ बेटियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे निश्चिंत होकर शिक्षा प्राप्त कर सकें तथा समाज और देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में कुलगुरू अरविन्द कुमार शुक्ला ने कृषि महाविद्यालय तथा राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा महाविद्यालय के डीन मोहम्मद यासीन सहित विद्यार्थी तथा किसान उपस्थित थे।

#### किसानों के कल्याण और कृषि विकास में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर - कृषि मंत्री

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और जब किसान खुशहाल होगा, तभी हर क्षेत्र में विकास संभव है। मंत्री श्री कंसाना ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनसे किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है।

#### एरोपोनिक्स तकनीक द्वारा आलू बीज उत्पादन

अब आलू बीज उत्पादन में एक नई क्रांतिकारी तकनीक एरोपोनिक्स से अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता वाला बीज प्राप्त कर सकते हैं। इस तकनीक में पौधों को मिट्टी के बिना, हवा और पोषक घोल की महीन फुहारों के माध्यम से उगाया जाता है। इस तकनीक से रोगमुक्त एवं उच्च गुणवत्ता वाले मिनीट्यूबर का उत्पादन, एक पौधे से अधिक संख्या में बीज कंदों की प्राप्ति, वर्षभर नियंत्रित परिस्थितियों में उत्पादन की सुविधा और पारंपरिक विधियों की तुलना में कम जल उपयोग और अधिक उत्पादकता है। इस तकनीक से तैयार मिनीट्यूबर को खेतों में लगाकर अगली पीढ़ी के बीज उत्पादन हेतु उपयोग किया जा सकता है। इससे बीज की उपलब्धता बढ़ेगी, लागत घटेगी और आय में वृद्धि होगी। यह परियोजना मध्यप्रदेश राज्य कृषि उपज मंडी बोर्ड द्वारा वित्तपोषित है, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उत्पादन तकनीक से जोड़ना और आलू उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

#### राज्यपाल और कृषि मंत्री ने कृषि प्रदर्शनी का किया अवलोकन



राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने महाविद्यालय परिसर में आयोजित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कृषि महाविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा उत्पादित विभिन्न फसलों, जैविक उत्पादों एवं नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित उत्पादों की विस्तार से जानकारी ली तथा किसानों और वैज्ञानिकों से संवाद किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

---

# आदिवासियों की पीड़ा पर कांग्रेस का तीखा हमला, मांगा ‘शिवराज-रमाकांत’ से इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र बुदनी में आदिवासियों को कथित रूप से वन अधिकार पट्टों और जमीन के कब्जे को लेकर मिल रहे नोटिसों पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने वीडियो जारी कर कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने कल जो ‘ड्रामा’ किया, उसमें बुदनी वाले शिवराज सिंह 18 साल के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ही सवाल कर रहे थे। उन्होंने तीखे सवाल दागते हुए पूछा, यदि धनतेरस पर नोटिस बंटा था, तो भारतीय जनता पार्टी के नेता और विधायक रमाकांत भार्गव क्या कर रहे थे? सांसद शिवराज सिंह क्या कर रहे थे?

राजीव ने कहा कि आदिवासी भाइयों की दिवाली नहीं मनी और आप दिवाली मना रहे थे। यदि सालों से आदिवासी उस जमीन पर काबिज हैं तो आपकी सरकार आखिर उन्हें परेशान कर क्यों रही है?

#### देश में क्या अंग्रेजों की सरकार है...

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने शिवराज सिंह के उस बयान पर भी कटाक्ष किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सरकार के सामने खड़े हो जाएंगे और सरकार से आग्रह करेंगे। राजीव ने कहा अरे, आप सरकार हो! मध्यप्रदेश में आपकी ही पार्टी की सरकार है। आपके भाषण से ऐसा लगता है कि इस देश में अंग्रेजों की सरकार है, आप उनके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। या तो यह आपके मुख्यमंत्री न होने का दर्द है या फिर आप असहाय हो चुके हैं।

#### इस्तीफे की मांग

जिलाध्यक्ष राजीव ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा यदि आप असहाय हो चुके हैं तो आपको और विधायक रमाकांत भार्गव को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आदिवासियों के संरक्षण में कांग्रेस पार्टी हमेशा खड़ी रही है। कांग्रेस नेता ने बुदनी में हाल ही में एक परिवार का 100 साल पुराना अतिक्रमण हटाए जाने और उस परिवार की बच्चियों को जेल पहुंचाने तक की नौबत आने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह को इस पर भी जवाब देना चाहिए, जहां सालों पुराने किसानों के कब्जे हटाए जा रहे हैं।

---

## बरखेड़ी में धर्मांतरण होने की आशंका: बजरंग दल ने खंडवा के संदेहियों को पकड़ा, पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




ग्राम बरखेड़ी में बुधवार देर रात धर्मांतरण की कोशिश का एक मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण के आरोप में कुछ व्यक्तियों को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंपा है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए सभी संदिग्ध मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।

ग्रामीणों को गांव में संदिग्ध धार्मिक गतिविधियों का संदेह होने पर उन्होंने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना दी। संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

---

### दि ऑक्सफोर्ड हासे में आयकर विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सेमिनार का आयोजन

# कर भुगतान न केवल नागरिक का कर्तव्य है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का प्रतीक भी: जॉली कुरियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में आयकर विभाग द्वारा सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर सेमिनार एवं चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह (27 अक्टूबर से 2 नवम्बर) के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत विद्यालय चेयरमैन एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने पुष्पगुच्छ देकर व विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस. भुवनेश्वरी, संयुक्त आयुक्त, आयकर विभाग, भोपाल रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, नैतिकता और सतर्कता का महत्व समझाया तथा अपने जीवन से जुड़े प्रेरक अनुभव साझा किए।




इसके पश्चात पी. मनोज, आयकर अधिकारी, भोपाल ने सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और गोविंद खंडेलवाल, आयकर अधिकारी, सीहोर ने सतर्कता और जागरूकता की आवश्यकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही आयकर विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता एवं अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

इस अवसर पर चेयरमैन एड. जॉली कुरियन ने कहा कि कर भुगतान न केवल नागरिक का कर्तव्य है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का प्रतीक भी है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी ने सतर्कता, ईमानदारी और जिम्मेदारी को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

---

### स्ट्रोक की रोकथाम, शीघ्र पहचान और तंत्रिका पुनर्वास पर जागरुक किया




**सीहोर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में विश्व स्ट्रोक दिवस 2025 पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य स्ट्रोक की रोकथाम, समय पर पहचान और तंत्रिका-पुनर्वास को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में भोपाल के शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनंत सिंह गौर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के बाद समय पर इलाज और नियमित फिजियोथेरेपी से मरीज की जीवन-गुणवत्ता में सुधार होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने की। उन्होंने बताया कि संस्थान तंत्रिका पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम में संकाय, छात्र और कर्मचारियों सहित करीब 120 प्रतिभागी शामिल हुए। संचालन कार्यक्रम समन्वयक अनामिका शर्मा ने किया। जागरूकता प्रभारी डॉ. नित्यानंद ने मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में संवादात्मक प्रश्नोत्तर हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम ने समाज में स्वस्थ और पुनर्वास-उन्मुख जीवनशैली को बढ़ावा देने के संस्थान के संकल्प को मजबूत किया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह

**सीहोर।** शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 3 नवंबर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम 1 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव ने आयोजन की व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है, इसी प्रकार तहसीलदार नगर डॉ अमित सिंह को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### सभी थानों में आयोजित होगी एकता दौड़ आज

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को प्रदेश के सभी पुलिस थानों में एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। इस संबंध में विशेष सशस्त्र बल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में समरसता का संदेश फैलाना है। इस अवसर पर सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से 'एकता दौड़' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में अधिक से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, पुलिस बल, होमगार्ड्स एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### सैटेलाइट से होगी खनिजों के अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है। इस पोर्टल से सेटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर एलर्ट्स जारी किये जा रहे हैं, जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है।

### ज्ञापन सौंपकर परिजनों व सामाजिक संगठनों ने की मांग

# नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले को गिरफ्तार करने दिया धरना

परिजनों व सामाजिक लोगों ने भैरुंदा थाने में इस मामले में आवेदन पत्र देकर थाना प्रभारी से जल्द से जल्द लड़की की तलाश करने की मांग की थी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

25 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव भादाकुई की रहने वाली नाबालिग लड़की को गांव के ही लड़के ने बहना फुसला कर भाग निकला। नाबालिग लड़की के परिजनों ने भैरुंदा थाने में जाकर पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया। परिजनों व सामाजिक संगठन के लोगों ने पुलिस से तत्काल लड़की को तलाश करने की मांग की गई।

**परिजनों व सामाजिक संगठन के पदाधिकारी थाने के सामने धरने पर बैठे**

गुरुवार को लड़की के परिजन व सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ लोगो ने थाने के सामने धरना देकर बैठ गए। इससे पहले सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीओपी रोशन कुमार व तहसीलदार सौरभ शर्मा को एक आवेदन पत्र सौंपा गया। आवेदन पत्र में हड़ताल पर बैठने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी। वहीं गुरुवार दोपहर सभी 4बजे से यदुवंशी समाज के लोगों ने भैरुंदा थाने के सामने हड़ताल पर बैठ गए। यदुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष ने बताया कि 25 अक्टूबर को समाज की बेटी को असामाजिक तत्व ने भगा ले गया।

परिजनों व सामाजिक लोगों ने भैरुंदा थाने में इस मामले में आवेदन पत्र देकर थाना प्रभारी से जल्द से जल्द लड़की की तलाश करने की मांग की गई थी। पांच दिन बाद भी लड़की को कोई पता नहीं चल पाया पाया। पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा पुलिस प्रशासन की कार्रवाई भी धीमी गति से चल रही है हमे डर है कि लड़की को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का। पुलिस प्रशासन अभी तक कोई लड़के लड़की का कोई सुराग नहीं लगा पाई। इसी लिए आज हम हड़ताल पर बैठने को मजबूर हैं। आगे भी उग्र आंदोलन करेंगे।

**पुलिस प्रशासन की लताश जारी :** एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि लगातार पुलिस की टीम लड़की की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही लड़की को परिजनों के सुप्रूत ककर दिया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेमली जदीद इकाई का हुआ निर्माण, सौंपे दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक ग्राम सेमली में 29 अक्टूबर को आयोजित की गई जिसमें सेवा सुरक्षा संस्कार ऐसे उद्देश्य को लेकर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व भी सौंपे गए ।

ग्राम के अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंत्री संयोजक ऐसे दायित्व पर ग्राम के अंदर नियुक्ति की गई सभी इकाई के अध्यक्ष अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष मनीष वर्मा ग्राम के एवं संयोजक धनराज वर्मा को नियुक्त किया गया ऐसे अन्य दायित्व ग्राम में दिए गए । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर बैठक में हिस्सा लिया एवं संकल्प लेते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का उद्देश्य समाज के जागरण का है और यह कार्य निरंतर 61 वर्षों से देशभर के अंदर करता हुआ आ रहा है प्रत्येक चुनौतियों को स्वीकार करने वाला देश के अंदर एकमात्र संगठन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जो हर प्रत्येक चुनौतियों को स्वीकार करता है और उस रूप में कार्य भी करता है । प्रखंड समरसता प्रमुख सौरभ मकरैया ने बताया कि हमारा प्रथम कर्तव्य समाज के जागरण का है और हम उस और पुर जोर से कार्य कर रहे हैं हिंदू समाज के हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए हम सदैव तत्पर और तैयार हैं हम सभी को जागकर राष्ट्र धर्म मां भारती के लिए कार्य करना है भारत को अखंड राष्ट्र बनाना है ।

## कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों ने अभिभावकों के सामने किया अपने शारीरिक, बौद्धिक और भाषाई कौशल का प्रदर्शन



**इछावर।** जनपद शिक्षा केन्द्र के तहत आने वाले समस्त प्राथमिक विद्यालयों में गुरुवार को एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली और दूसरी के छात्र - छात्राओं सहित बड़ी संख्या में पालकगण शामिल हुए। इस दौरान बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक व भाषा विकास का परीक्षण किया गया। बच्चों ने मेले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्साह से भाग लेते हुए अभिभावकों के समक्ष अपने शारीरिक, बौद्धिक और भाषाई कौशलों का प्रदर्शन किया। स्कूलों में मेले का आयोजन प्रातः 10 बजे से आरंभ होकर शाम 4.30 बजे तक किया गया। इसको लेकर शिक्षकों द्वारा पहले ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इस संबंध में बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दूबे ने बताया कि निपुण भारत अभियान के तहत बच्चों को उनकी दक्षताओं की पहचान कर उस आधार पर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना एवं शिक्षा में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए 30 अक्टूबर को समस्त प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया है। इसको लेकर स्कूल प्रबंधन को पहले ही आदेश जारी किए जा चुके थे। बीआरसी अमलें ने क्षेत्र के कई स्कूलों में पहुंचकर मेले का अवलोकन किया।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत निकाली जागरूकता रैली




**सीहोर।** गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जिला स्वास्थ्य समिति सीहोर द्वारा तंबाकू मुक्त समाज हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला तम्बाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जागरूकता रैली उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर गोद ग्राम कस्बा पीटर कंपाउंड तहसील चौराहा एवं मुख्य शहर से होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। रैली में रासेयो स्वयंसेवक बैनर लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे स्वयंसेवकों ने गुटखा एवं धूम्रपान के प्रति जागरूकता पंपलेट का वितरण भी किया। कार्यक्रम में भौतिकविद अरविंद पटेल शिक्षिका बबीता मालवीय उमंग क्लीनिक किशोर परामर्श दाता ममतेश राठौड़ एमटीडवलू अभिषेक तमौलिये प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने एवं जन जागरूकता हेतु आयोजित रैली में 110 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया अपना 38 वां स्थापना दिवस



**सीहोर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर में 38 वें स्थापना दिवस का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर कु काशवी व्यास द्वारा सरस्वती नृत्याराधना प्रस्तुत की गई। विद्यालय की प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत हरित पौधों के साथ ही स्मृति चिह्न देकर किया और उनके सम्मान में स्वागत भाषण देते हुए उनके प्रति आभार व कृतज्ञता ज्ञापित की तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर की गौरवगाथा व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत और विद्यालय गीत की अभिव्यंजना की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ दी,अतिथिद्वय ने विद्यार्थियों द्वारा लगायी गयी। विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया और नवाचार सम्बन्धी मॉडल्स और परियोजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए, विद्यालय के सत्र 2025 में कक्षा 12 वीं व 10 वीं के टापर्स को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर प्राचार्य पूजा श्रीवास्तव को सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम और सर्वोच्च उत्कृष्ट सूचकांक के लिए ट्रॉफी प्रदान कर अभिनंदन किया। वरिष्ठ रसायन शास्त्र शिक्षिका रचना गुप्ता को भी उनके विषय की सर्वोच्च अंक सूचकांक हेतु प्रमाणपत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में देश का नाम ऊंचा करने की अभिप्रेरणा दी मंच संचालन का सफल दायित्व स्मिता भारती के मार्गदर्शन में नवीं एवं 11 वीं की छात्राओं क्रमशः कुमारी पाखी सुमन व अंकिता राठौर ने निभाया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित रहा। समस्त कार्यक्रम के दौरान अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में सभी शिक्षकों ने अथक सहयोग प्रदान किया। अंत में वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षिका सोनिया वाजपेयी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बीसीएम के विद्यार्थियों ने स्वच्छता व प्रदूषण प्रदर्शनी में भाग लिया



**भैरूंदा।** भारती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल मैं आयोजित प्रदूषण की निगरानी करने का प्रदर्शन के लिए शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 10, 11 व 12 के 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु गुणवत्ता की प्रदर्शनी को देखा जाना व समझा। एवं कैसे सिंगल यूस प्लास्टिक प्रकृति के लिए घातक होता है यह भी जाना। प्रदर्शनी के दौरान अलग-अलग विद्यालय के केवल 100 विद्यार्थियों का ही चयन किया गया जिसमें भारतीय विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल भैरूंदा भारतीय विद्या मंदिर रेहटी व भारतीय विद्या मंदिर बुधनी तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों को यह अवसर मिला था। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रदर्शनी में भाग लिया, संग्रहालय का भ्रमण किया व विभिन्न प्रकार के जीव अवशेषों को करीब से देखा व जाना। प्रदर्शनी के बाद विद्यार्थियों को संग्रहालय की ओर से स्वल्पाहार प्रदान किया गया, प्रमाण पत्र दिया गया।

### भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अधिकारी अनिवार्य रूप से करें पालन

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कमिश्नर और कलेक्टर के साथ की वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी संभागों के कमिश्नर एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागों के कमिश्नर एवं सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। सीहोर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, नितिन टाले, स्वाति मिश्रा, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए। वीसी के पश्चात प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव एवं अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा। बैठक के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, सुरभि तिवारी और राजेश यादव उपस्थित रहे।



**7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है जो 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर तक किया जाएगा। दावा आपत्तियों के 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक आवेदन लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। फाइनल मतदाता सूची का 7 फरवरी 2026 को प्रकाशन होगा।

## शिक्षक को दी भावपूर्ण विदाई शाल, श्रीफल भेंटकर सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान



**इछावर।** क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय कालापीपल में पदस्थ शिक्षक प्रेमनारायण राठौर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर गुरुवार को बोरदीकलां मिडिल स्कूल परिसर में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दूबे, ब्रिजीशनगर संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय, सेमली जदीद संकुल प्राचार्य एस एन पटेल , पूर्व बीईओ कचरू लाल बकोरिया , सीएसी शैलेंद्र ठाकुर , घनश्याम वर्मा , मौकमसिंह ठाकुर व जनशिक्षक धरम वर्मा , महेश राठौर ने सेवानिवृत्त शिक्षक राठौर को फूल माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में बीआरसीसी श्री दूबे व संकुल प्राचार्य श्री मालवीय ने सेवानिवृत्त शिक्षक राठौर के कार्यकाल की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि राठौर लंबे समय तक बीएसी व सीएसी के पद पर भी रहें। प्रत्येक जिम्मेदारी का उन्होंने पूरी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन किया। उनके समर्पित सेवा काल को हमेशा याद रखा जाएगा। बोरदी स्कूल प्रभारी तिलकराम चंद्रवंशी, दौलत सिंह ठाकुर, नादान मिडिल स्कूल शिक्षक कमलसिंह मालवीय, मेहरबान सिंह प्रजापति , कल्याण सिंह ठाकुर , नंदराम जयसवाल, हरिनारायण वर्मा, अजरूद्दीन आदि शिक्षकों ने भी सेवानिवृत्त शिक्षक राठौर को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बधाई देते हुए उनके खुशहाल जीवन की मंगल कामना की।

अधिकारियों के आश्वासन और नियमित सप्लाय के बाद खुला जाम

# बिजली आपूर्ति ठप ! किसानों ने प्रदर्शन कर चक्काजाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सिरोंज हाइवे पर बिजली समस्या से जूझ रहे किसानों ने विद्युत वितरण कंपनी के विरोध में एक घंटे से अधिक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। सिलपटी ग्रिड पर किए गए इस जाम में एक दर्जन से अधिक प्रभावित गांवों के किसानों ने भाग लिया।

गिंदौरहाट पीपलिया व आसपास के गांवों के किसानों ने बताया कि हमें फसल के समय पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिसके चलते हमारी फसल खराब हो रही हैं परंतु बिजली विभाग मूकदर्शक बना बैठा है। इसी को लेकर हमने यह चक्का जाम किया है। वहीं राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार ने भी किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की जनता व किसानों के साथ दुव्र्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राज्यमंत्री पंवार ने ली बिजली विभाग की समीक्षा बैठक, कहा जनता के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं



### आपूर्ति जल्दी बहाल करने की बात कही

बिजली विभाग के सहायक अभियंता मरदीप साहू ने मौके पर पहुंचकर व किसानों को आश्वासन देकर जाम खत्म करवाया। साथ ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने प्रभावित गांवों की आपूर्ति जल्दी बहाल करने की बात कही जिससे किसान संतुष्ट हुए और जाम खत्म हुआ।



### खेती-किसानी के कार्यों में बिजली की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए : पंवार

*मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बुधवार को बिजली विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने कहा कि जनता हमारी प्राथमिकता है, उसके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को एकीकृत और सुव्यवस्थित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में अलग-अलग डिवीजनों के कारण उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों में बिजली की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। आने वाले दो महीनों में किसानों को बिजली की कमी से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस बैठक में महाप्रबंधक खरे , उप महाप्रबंधक प्रहलाद क्षेत्रे सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

### मानवीय समाधान के आधार पर हो विजलेंस कार्रवाई

*मंत्री पंवार ने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है, तो केवल उसी क्षेत्र की बिजली काटी जाए, न कि पूरे इलाके की। यह गलत प्रथा है कि एक जगह काम चल रहा हो और कटौती पूरे क्षेत्र में कर दी जाए, इससे आम उपभोक्ता परेशान होते हैं। मंत्री पंवार ने विजिलेंस कार्रवाई को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विजिलेंस के नाम पर आम उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। यदि किसी मामले में संदेह है तो पहले उसका मानवीय समाधान निकाला जाए।*

स्मैक मामले से जुड़े केस में 2019 से चल रहा था फरार

# छह साल से पुलिस को छका रहा वारंटी अंततः गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साल 2019 में स्मैक के अवैध परिवहन मामले से जुड़े केस में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पुलिस टीम ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। बीते छह सालों में आरोपी यहां-वहां फरारी काटते हुए पुलिस से बचने के प्रयासों में लगा था। गिरफ्तार आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ था।




### क्या था पूरा मामला

*24 मार्च 2019 को राजस्थान परिवहन निगम की बस में रखे एक संदेहास्पद बैग को बस कंडक्टर ने कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया था। इस बैग की तलाशी लेने पर उसमें से अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखी हुई पाई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच की तो मालूम हुआ कि इस बैग को बस में कमल लोधा निवासी पीड़लीखेड़ा थाना घाटोली राजस्थान एवं बालू सौंधिया निवासी ग्राम बाल्दा थाना पिड़ावा जिला झालावाड़ ने रखा था और फरार हो गए थे। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जब जब्त स्मैक के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया था कि यह माल उन्होंने बाल्दा थाना पिड़ावा निवासी नारायण सिंह पिता मांगीलाल सौंधिया से खरीदा था। पुलिस ने उस समय नारायण सिंह पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और तभी से आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। विगत दिनों मुखबिर की सूचना, तकनीकी विश्लेषण एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर लंबे समय से फरार चल रहे नारायण सिंह को उसी के गांव बाल्दा पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। इस सफलता में कोतवाली थाने के प्रभारी टीआई हरिओम रघुवंशी, उनि प्रवीण जाट, उनि जीतेंद्र अजनारे, अनिल राहोलिया, शादाब खान, जीतेंद्र भिलाला, राजेंद्र मीणा, श्याम वर्मा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।*

## सामाजिक समरसता आज की आवश्यकता : सुशील व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

श्रीमद्भगवद्गीता और सभी धर्मशास्त्र मनुष्य को जीवन जीने की शैली और सदाचार सिखाते हैं। समाज में सभी बराबर हैं। हमें किसी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। हम जिन आदर्शों को मानते हैं उन्होंने भी अपने सदाचरणों से हमें यही सिखाया है कि व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में हमें सामाजिक समरसता का ध्यान रखना चाहिए। उक्त विचार गीता स्वाध्याय परिवार के वरिष्ठ संस्कृताचार्य सुशील व्यास 'सारंग' ने कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मण्डल के द्वारा आयोजित गीता स्वाध्याय में मोहल्ला खारिया स्थित श्रीराम मंदिर में रखे।

बेहतरीन क्रिकेटर के निधन से नगर में शोक की लहर

# पिता की मृत्यु के सवा माह बाद ज्येष्ठ पुत्र का भी निधन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे ईश्वरीय विधान ही कहा जाएगा जो पिता का साया सिर से उठने के लगभग सवा महीने बाद उनके सबसे बड़े पुत्र का भी निधन हो गया। मृतक युवक काफी समय से बीमार था और उसका इलाज इंदौर में चल रहा था। मंगलवार रात्रि इलाज के दौरान युवक की मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार राजगढ़ की कन्या शाला के समीप रहने वाले पेशे से हलवाई जीवनलाल मेवाड़े का गत माह 11 सितंबर को अचानक निधन हो गया था। स्वर्गीय जीवनलाल के ज्येष्ठ पुत्र गोविंदा मेवाड़े ने भी मंगलवार रात्रि इंदौर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक गोविंदा



बेहद मिलनसार और बेहतरीन क्रिकेटर था और तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके निधन का समाचार पहुंचने पर समूचे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को गोविंदा की अंतिम यात्रा में अनेकों लोगों ने शामिल होकर श्रृद्धांजली अर्पित करते हुए ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख का सहन करने की कामना की।

# नगर के विकास व सौंदर्यकरण कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका सारंगपुर की परिषद बैठक बुधवार को नगरपालिका सभागृह में अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विभिन्न विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर पड़ाव स्थल निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति दी गई। साथ ही सीएम मॉनिट विशेष निधि से वार्ड क्रमांक 08 में नवीन बस स्टैंड पर सीसी निर्माण तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत वार्ड 8 में सीसी रोड निर्माण सहित लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए।

इसके अतिरिक्त ऑडिटोरियम निर्माण, एचडीआरएफ योजना के तहत नाला निर्माण, कपिलेश्वर घाट पर कपिल मुनि की प्रतिमा एवं स्वागत द्वार निर्माण, घाट सौन्दर्यकरण और पहुंच मार्ग विस्तार कार्यों को भी मंजूरी दी गई। बैठक में गीता भवन एवं स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि चयन कर प्रकरण कलेक्टर राजगढ़ को भेजने के लिए



**नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित**

समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 16, 17, 18 में पेयजल टंकी, श्मशान घाट एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए शासन से अनुदान मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर में अग्निशमन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु नवीन फायर ब्रिगेड खरीदने, नालों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन क्रय करने तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि (सर्वे नं. 1005ध1) के आवंटन प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वर्ष 2016 के बाद रखे गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के संबंध में शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की जाए। सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची एक सप्ताह में अध्यक्ष को प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया। बैठक के दौरान नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे, एवं सभी निर्वाचित पार्षदगण उपस्थित रहे।

इंदर चौराहा पर होती है आम लोगों को परेशानी

# नगर के मुख्य मार्ग पर लगता है जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मुख्य मार्ग पर हमेशा जाम लगा रहता है। आवागमन बाधित होने से लोगों को परेशानियां झेलना पड़ती हैं। बार-बार जाम लगने की स्थिति आखिर क्यों निर्मित होती है इसके पीछे मुख्यतः वजह देखी जाए तो अव्यवस्थित यातायात एवं सड़क के समीप खड़े वाहनों कि रेलमपेल से आवागमन को बाधित होता है। नगर के इंदर चौराहा पर तो इस परेशानी से हमेशा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को परेशानी झेलने पर मजबूर होना पड़ता रहता है। जिसमें हाट बाजार या त्योहार के समय यह परेशानी अपना उग्र रूप ले लेती है ऐसे में अनेकों बार पैदल राहगीर से लेकर वाहन चालकों के बीच आपसी कहा सुनी की नौबत भी आ जाती है। समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन को जागरूक करने का समय समय पर प्रयास किया, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक किसी भी तरह के कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाना लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है।

कार्यक्रम में सामाजिक गतिविधियों के लिए भी बनाई रूपरेखा

## कलाल समाज ने मनाई आराध्यदेव भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



हैहय कल्चूरी कलाल समाज के आराध्यदेव भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती समाजजनों द्वारा पूजा-अर्चना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। स्थानीय निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरान्त समाजजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु की गौरव गाथा पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही सामाजिक विकास और उत्थान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य आगामी आयोजनों एवं गतिविधियों के संबंध में प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर समाज की प्रदेश अध्यक्ष जया जायसवाल, पुष्पा वर्मा, मोहन वर्मा, शोभा वर्मा, जयंत वर्मा, मयंक जायसवाल, कविता जायसवाल, ऊषा जायसवाल, उपेंद्र जायसवाल, जीतेंद्र जायसवाल, अशोक वर्मा सहित बच्चे व अन्य समाजजन उपस्थित थे।

## सरकारी निर्माण में लापरवाही पर विधायक सख्त, नाराजगी जताई



**नरसिंहगढ़।** बुधवार को जनपद सभाकक्ष में हुई समीक्षा बैठक में विधायक मोहन शर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में मिल रही लगातार गड़बड़ियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई और अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। विधायक शर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से जनता तक पहुंचे यह सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में कोटरा, पीलूखेड़ी, बोड़ा आदि स्थानों पर घटिया काम की शिकायतों पर विधायक ने उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात कही। वहीं सिंचाई विभाग की सड़क, सेतु निगम के अधूरे ब्रिज और जल जीवन मिशन के कामों में भी लापरवाही सामने आई, जिस पर संबंधित विभागों को सुधार के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगातों का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और ब्यावरा विधानसभा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ब्यावरा विधानसभा को धनतेरस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी गई थी। बुधवार को उसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने गणेश पूजन कर निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

इस दौरान 2 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले नवीन रेस्ट हाउस तथा 3 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से राजगढ़ बायपास से नवीन अस्पताल, एसडीएम कार्यालय से अहिंसा द्वार



तक सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। मंत्री पंवार ने इस अवसर पर कहा कि ब्यावरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आगंतुक आते हैं। वर्तमान में रेस्ट हाउस में केवल दो सुइट होने से लंबे समय से असुविधा का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अब चार नए सुइट का आधुनिक रेस्ट हाउस बनने जा रहा है, जिससे यहां आगंतुकों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दिलवर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह गुर्जर, रामनारायण दांगी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, पार्षद विष्णु साहू,मंडल अध्यक्ष राजू यादव, श्याम सिंह चौहान, जयेंद्र गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, दीपक सामरे, गोपाल बादशाह, दीपकमल शर्मा, दिलीप भार्गव, राधे दांगी, गिरराज लववंशी, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर के मंडल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाइक की डिग्गी से चोरी हुए 1.10 लाख रुपए बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने 13 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने राजगढ़ से दो आरोपियों बंटी और शाहिद को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए बरामद किए। यह रकम किसान धर्मेंद्र दांगी की बाइक की डिग्गी से चोरी हुई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने एक विशेष टीम बनाई। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें संदिग्धों की गतिविधियां रिकॉर्ड हुईं। इन्हीं फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की गई। पहचान के बाद पुलिस टीम ने राजगढ़ में छापामारी की, जिसके



बाद दोनों आरोपी बंटी और शाहिद को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से चोरी की पूरी रकम 1.10 लाख बरामद कर ली गई। टीआई आरके मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने जांच के लिए एक टीम बनाई, और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ अभी भी जारी हैं।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# नहरों की पाइप लाइनों में तोड़फोड़ करने वाले सीधे जाएंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मोहनपुरा और कुंडालिया सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं से जिले के विकास में आमूलचूल बदलाव आया है। उक्त परियोजनाओं की बदौलत न केवल जिले से मजदूरों का पलायन रुका है बल्कि पथरीली और बंजरभूमि में भी आज हरियाली नजर आ रही है। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व सिंचाई परियोजनाओं से जुड़ी नहरों की पाइप लाइनों में तोड़फोड़ सहित अन्य तकनीकी सिस्टमों के साथ छेड़छाड़ किया करते हैं। इससे नहरें सुचारू संचालित नहीं हो पाती और अन्य कृषकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बुधवार को जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में पाइप-लाइनों में तोड़फोड़ करने वाले पर कानूनी कार्यवाही करते हुए के निर्देश



उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। कलेक्टोरेट सभागार में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में नहरों की पाइप लाइनों से छेड़छाड़ करते हुए सिस्टम को खराब करने वालों को धारा 151 के तहत जेल भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पंवार ने कहा कि जो लोग आदतन लाईनों व वाल्व को तोड़ते हैं उन्हें अभी से नोटिस जारी कर सूचना दें और न मानने पर सीधे वैधानिक कार्यवाही करें।

### खेतों तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता

*राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि जिले में पाइप लाइनों का जाल बिछ रहा हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पानी देना हमारी सर्वोच्य प्राथमिकता हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पानी देने नवम्बर के प्रथम सप्ताह से नहरें चालू कर दी जाए ताकि कृषकजन समय पर बोवनी कर सकें। साथ ही पार्वती परियोजना व रेसई परियोजना के कार्य की गति बढाने के निर्देश भी इस बैठक में दिए गए।*

# संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में आयोजित कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में तलेन के सभी विद्यालयों की टीम ने भाग लिया। जिसमें नगर के संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल ने कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीता। विद्यालय की इस जीत पर सभी ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहन एवं राष्ट्र की खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीबीसीपीएल के माध्यम से पीपल ट्री फाउंडेशन दे रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**सीहोर।** डीबीसीपीएल परियोजना प्रशासन के सहयोग से पीपल ट्री फाउंडेशन द्वारा जिला देवास एवं भोपाल में निःशुल्क जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत डी बी सी पी एल परियोजना प्रशासन प्रति माह 35–35 कुल 70 जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। 36 दिन के प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को निःशुल्क भोजन, आवास, इंडोर गेम्स की सुविधा, सुरक्षा के उचित प्रबंध, एवं प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र एवं इंटरव्यू का अवसर दिया जाता है। प्रति माह लगभग 60 से 65 प्रशिक्षित लड़कियों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। डी बी सी पी एल परियोजना प्रशासन ने पीपल ट्री फाउंडेशन के प्रोप्राइटर संतोष व सुबास पांडेय के सहयोग से सीएसआर योजना के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करते हुए एक उत्कृष्ट सामाजिक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए महाविद्यालय में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# नायब तहसीलदार प्रभारी नियुक्त, घर घर सर्वे कर पुनरीक्षण का होगा कार्य

विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत समस्त 340 बीएलओ का प्रशिक्षण दो पारियों में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा के कला संकाय भवन में विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत समस्त 340 बीएलओ का प्रशिक्षण दो पारियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में 40-40 बीएलओ को मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण दो पारियों में आयोजित किया गया प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया था अनुविभागीय अधिकारी आष्टा द्वारा प्रत्येक कक्ष में निरीक्षण कर अपनी ओर से सभी बीएलओ को विशेष जानकारियां प्रदान की गई। विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य दिनांक 4/ 11 /25 से बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के माध्यम से प्रारंभ किया जाएगा साथ ही राजनीतिक दलों के द्वारा



नियुक्त प्रतिनिधियों को तहसील कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया एवं उन्हें इसके तिथि वार कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई।

# सुप्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास देंगे प्रस्तुति

### कार्तिक पूर्णिमा पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक तथा शास्त्रोक्त सनातन संस्कृति के संवाहक जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज के कार्तिक पूर्णिमा 5 नवम्बर पर जन्मोत्सव को श्रद्धापूर्वक मनाने के लिए स्थानीय प्रभु प्रेमी संघ ने व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। राम भाव को अपने मधुर भजनों से सम्पूर्ण विश्व मे प्रचारित करते, ये चमक ये दमक फुलवन में महक सब कुछ सरकार तुमई से है " फेम पंडित सुधीर व्यास अपने प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति स्वामी अवधेशानन्द जी के प्रकाशोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगी। प्रभु प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल तथा महासचिव प्रदीप प्रगति ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सनातन परंपरा के ज्येष्ठ आचार्य स्वामी अवधेशानन्द जी की आष्टा नगर एवं सम्पूर्ण अंचल पर महती कृपा है । सम्पूर्ण विश्व मे स्वामीजी द्वारा स्थापित प्रभुप्रेमी संघ की शाखाओं द्वारा कार्तिक पूर्णिमा को उनके प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में स्थानीय गोकुल धाम में दिनांक 5 नवम्बर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर विश्व विख्यात भजन गायक सुधीर व्यास की भजन संध्या एवम गुरु भक्ति का आयोजन किया गया है। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय मांगीलाल साहू स्व. माणकचन्द साहू की स्मृति में सुपुत्र गण राजकुमार, जितेंद्र, राम, श्याम एवम समस्त साहू परिवार प्रभु प्रेमी संघ के निर्देशन में आयोजित कर रहा है। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों से निर्धारित दिवस 5 नवम्बर बुधवार को सांय 7 बजे स्थानीय गोकुल धाम में पधारने का आग्रह किया है।

# पत्रकार से अभद्रता करने वाले आष्टा के हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष के खिलाफ पत्रकारों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आष्टा में हमेशा अपनी कार्यप्राणी से विवादों में रहने वाले भाजपा नेता और हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट एक बार फिर विवादों में है और इस बार विवादित भाजपा नेता हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट ने सीहोर जिले आष्टा निवासी पत्रकार कमल पांचाल की खबर से बौखला कर फेसबुक पेज पर अमर्यादित टिप्पणी, अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया तो वही दूसरी और बकालू भट्ट ने 26 अक्टूबर को सेमनरी रोड बुलाकर गाली गलौज कर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। जिससे सीहोर जिले के पत्रकार जगत में आक्रोश व्यक्त करते हुए कालू भट्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिसको लेकर सीहोर जिले के तमाम पत्रकारों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कर पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक लिखित में आवेदन देकर एफआइआर करने की मांग की है। बीते शनिवार को शहर के बुधवारा स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में हिंदू समाज के वरिष्ठ समाजजनों द्वारा मंदिर समिति की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर मौजूद समाजजनों ने साउंड ओर माइक से सार्वजनिक रूप से बयानबाजी कर शर्मिंदगी जाहिर की थी। जिसको लेकर समाज जनों की कहने पर पत्रकार कमल पांचाल ने अपने सोशल मीडिया पेज सहित अखबार में प्रमुखता से पूरी खबर प्रकाशित की थी। उक्त खबर से बौखला कर हिन्दू उत्सव समिति के विवादित अध्यक्ष कालू भट्ट ने पत्रकार कमल पांचाल के खिलाफ व्यक्तिगत अमर्यादित टिप्पणी कर अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया था। वही पत्रकार कमल पांचाल के प्रतिक्रिया देने पर कालू भट्ट ने सेमनरी रोड बुलाकर असमाजिक तत्वों के साथ मिलकर गाली गलौज कर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद पत्रकार कमल पांचाल ने आष्टा थाने में लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन कार्यवाही नहीं होने से सीहोर जिले के पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए कालू भट्ट के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बुधवार को सीहोर के एसपी कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत को आवेदन देकर एफआइआर करने की मांग उठाई है। वही पत्रकार कमल पांचाल और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस दौरान सीहोर के पत्रकारों में भाजपा नेता और हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट के खिलाफ जमकर आक्रोश देखने को मिला। इस दौरान एसपी कार्यालय पत्रकार कमल पांचाल के साथ सीहोर जिले के पत्रकार बलजीत सिंह ठाकुर, योगेश उपाध्याय, जुगल पटेल, प्रदीप चौहान, गौतम शाह, आकाश माथर, अमित कुइयां, बिल्लू समाधियां, प्रकाश मालवीय, सचिन महोबीया, अनुराग शर्मा, कवि छोकर, धर्मेंद्र राय, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संजय त्यागी, विनेश चौहान, दिनेश नागर, दोराहा से सलमान मंसूरी, अहमदपूर से वसीमउद्दीन, शिवराज वर्मा, सुशील, संतोष, सुरेश, राजेश, शलभ चौहान,सुजीत रैकवार,गोलू जेमिनी, नितिन जोहरी, सक्षम पालीवाल, कमलेश परमार, वृंदा विश्वकर्मा, भारती, सोनू योगी, धीरज साहू, हिमालय गोहिया, विजय मालवीय, राज मालवीय, रायसिंह, सोभाल सिंह, अहद सिद्दकी, पवन वर्मा सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# श्री सत्यसाईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस के तत्वाधान में सिविल ठेकेदारों के लिए तकनीकी सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




श्री सत्यसाईं यूनिवर्सिटी ऑ$फ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस सीहोर में हेडलबर्ग सीमेंट (माईसेम सीमेंट) कंपनी द्वारा सीहोर के प्रतिष्ठित सिविल ठेकेदारों के लिए तकनीकि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कंस्ट्रक्शन से संबंधित नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मकान को मजबूत और भूकंपरोधी कैसे बनाएं, इस संबंध में जानकारी दी गई। और सीमेंट का उपयोग कंस्ट्रक्शन मटेरियल के साथ इस प्रकार ओर कितनी मात्रा में किया जाए, ताकि मकान और अधिक मजबूत और टिकाऊ बने इस विधि को संक्षिप्त में बताया और साथ ही सभी प्रतिभागी को सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के मध्यप्रदेश के टेक्निकल हेड देवेंद्र अवस्थी और सीहोर जिले के तकनीकी अधिकारी नरेंद्र सोलंकी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सत्यसाईं विवि के कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही इस कार्यक्रम में परिक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, विभागाध्यक्ष (सिविल) डॉ विकास पाटीदार,आर्किटेक्ट वलय भावसार, प्रो रोशनी राम एवं कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कुबेरेश्वरधाम पर आंवला नवमी पर हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी गुरुवार को प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने आंवला नवमी का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति की टीम ने यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को निशुल्क प्रसादी का वितरण किया। वहीं शाम को बाबा की आरती का आयोजन भी किया गया था। इधर आन लाइन कथा का विश्राम भी किया गया था। शिव पर आस्था दुविधा में रास्ता है। का अर्थ है कि जब आप भ्रम या संकट में हों और आपको रास्ता न सूझ रहा हो, तो भगवान शिव में विश्वास रखने से आपको समाधान मिल सकता है, क्योंकि शिव भक्तों के रास्ते कभी बंद नहीं होते, महादेव की पूजा और भक्ति सच्ची आस्था के साथ करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय शिव महापुराण के विश्राम दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। आंवला नवमी के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने कहाकि मनुष्य में जब तक श्रद्धा और विश्वास नहीं होगा तब तक उसे अपनी आत्मा में विराजमान परमात्मा भी दिखाई नहीं पड़ेगा। भगवान आस्था का प्रतीक है, भक्त धुरव और पहलाद ने छोटी से अवस्था में भगवान के दर्शन कर लिए थे। उन्होंने कहाकि नारद ने भगवान नारायण से प्रश्न किया था आपने धुरव को इतनी कम अवस्था में दर्शन दे दिए, जबकि वह सालों से आपकी अर्चना और नाम जप कर रहा हूं। भगवान की करुणा और आस्था ही आपको मंजिल तक पहुंचा सकती है। जो प्राणी अपने आपे को पूरी तरह से प्रभू के चरणों में समर्पित कर देता है उसका कोई भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता।

# बीएसआई मैदान पर अंडर-15 ट्रायल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर गुरुवार से भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा क्रिकेट अंडर-15 ट्रायल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल में अगले दौर के लिए खिलाड़ियों को शामिल किया है। अब इन खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम में जगह बनानी होगी। सुबह एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा के द्वारा चयनकर्ताओं ने यहां पर आए बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का सुबह पंजीयन के पश्चात बालिंग, बेटिंग और विकेटकीपिंग आदि का ट्रायल लिया गया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बीएसआई मैदान पर अंडर-15 की घोषित टीम को यहां पर मौजूद कोच और अन्य सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा खेल की बारीकियों से अवगत किया गया। अंडर-15 ट्रायल कैंप में शामिल 30 खिलाड़ियों ने टीम में शामिल होने के लिए विकट कीपिंग, बल्लेबाजी, फील्डिंग और गेंदबाजी की ट्रायल ली गई। इसके अलावा इन दिनों बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से मैदान का समतलीकरण किया जा रहा है। समतलीकरण के बाद डिवीजन सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बारिश के कारण मैदान और पिच कुछ खराब हो गई है। अंडर-15 के ट्रायल कैंप के दौरान चयन समिति में रविन्द्र यादव, अभिषेक परसाई, कमलेश पारोचे, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, सुनील जलोदिया, सतीशचंद्र लारा के अलावा कोच अक्षय दुबाने, अतुल कुशवाहा, मदन कुशवाहा आदि ने यहां पर मौजूद जिले भर से आए खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। आगामी दिनों में ट्रायल के बाद प्रशिक्षण शिविर और टीम के चयन आदि का गठन किया जाएगा। वहीं एसोसिएशन के सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अनिल राय आदि शामिल थे।

# निगम परिषद की बैठक में चप्पल की माला पहनकर पहुंची भाजपा पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर



बुधवार को आयोजित निगम परिषद की बैठक में भारतीय जनता पार्टी की पार्षद चप्पल की माला पहनकर निगम पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्ट और कामचोरी का आरोप लगाया। वार्ड की समस्याओं का समाधान न होने पर अधिकारियों से सवाल-जबाव किए।नगर निगम परिषद बैठक सम्मेलन में वार्ड क्रमांक 24 की भाजपा पार्षद रितु सावनेर चप्पलों की माला पहनकर शामिल हुईं, जो चर्चा का विषय बन गया।

पार्षद सावनेर ने बताया कि वे अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कई बार निगम अधिकारियों को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने अधिकारियों पर भ्रष्ट और कामचोर होने का आरोप भी लगाया।बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से सवाल-जवाब किए, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिले। एक कांग्रेस पार्षद ने उनसे महिला होने के नाते चप्पलों की माला उतारने का आग्रह किया। बैठक में कांग्रेस पार्षद दीपेश कानूनगो और भाजपा नेता मनीष सेन के बीच कुछ देर के लिए बहस भी हुई।

वार्ड क्रमांक 24 की भाजपा पार्षद रितु सावनेर ने बताया कि वार्ड के लोग अच्छा काम होता है। तो फूलों की माला हमें अर्पण करते हैं लेकिन अभी हमारे वार्ड की जो दयनीय स्थिति नगर निगम ने बनाकर रखी है। उसी लिए में यह चप्पलों की माला पहनकर आई हूं।मैंने स्वयं इसे स्वीकार किया है। मेरे वार्डवासी गलत नहीं है, तो मुझे यह पहनने में भी कोई परेशानी नहीं है।कई माह और सालों से मेरे वार्ड में नाली पानी सभी प्रकार की मूलभूत समस्याएं वार्ड में व्याप्त हैं। जिनकी यहां के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

मैंने कलेक्टर साहब को भी आवेदन दिया है। मेरे पास सभी आवेदन रखे हुए है। मुझे न्याय चाहिए मेरी यह समस्या हल नहीं हुई तो मैं यही माला संबंधित अधिकारी जो भी जिम्मेदार होगा उसे अर्पण करूंगी।


## मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल नाका सीहोर (म.प्र.)

### अधिपत्य नोटिस तथा 'जहाँ है जैसा है' आधार पर संपत्ति नीलामी (निविदा) सूचना

अयोहस्ताक्षरकर्ता मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 ( 12 ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणग्रहिता को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि से भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है। अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अयोहस्ताक्षरकर्ता जो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपंक्ति उक्त नियम (9) के साथ पढ़ा जावे। ऋणग्रहिता एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्य एतद् द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्नलिखित खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर व्याज राशि के लिये निम्न खाते के सामने अंकित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा सीहोर मण्डी के अधीन होगा। उक्त अधिनियम की धारा ( 13 ) 4 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के तहत बैंक की हमारी सीहोर मण्डी शाखा में बंधक रखी नियामानुसार परिसम्पत्ति के विक्रय हेतु निविदायें आमंत्रित करता है

| क्र. | ऋणी एवं जमानदार का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक/ बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण व स्वामी का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बनाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणी – 1. श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा 2. मैसर्स शर्मा स्टील वर्कशॉप प्रो. श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा** **निवासीगण** :– शर्मा स्टील वर्कशॉप, बी-6 डीपो चौराहा भोपाल पिन 462003 म.प्र. **जमानतदार– श्री सत्यनारायण अग्रवाल पिता श्री मूलचंद अग्रवाल निवासी–** माता मंदिर चौराहा, गल्ला मण्डी सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) पिन कोड 466001 म.प्र. | मांग सूचना दिनांक 08.04.2024 / कब्जा दिनांक 23.08.2024 / रु. 5,48,002.04 +एवं दिनांक 14.02.2024 से ब्याज + अन्य व्यय | **सम्पति मालिक का नाम श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा वर्तमान निवासः** शर्मा स्टील वर्कशॉप, बी-6 डीपो चौराहा भोपाल पिन 462003 (म.प्र.) का **भूखण्ड खसरा क्रमांक 482-484/4 का नाग 750 वर्गफिट यानि 88.702 वर्गमीटर पूर्व से पश्चिम 50 किट तथा उत्तर से दक्षिण 15 फिट स्थित ग्राम बिजोरी तहसील व जिला सीहोर म.प्र.** उक्त संपति की चतुसीमायें (हक विलेख से) निम्नानुसार हैः- पूर्व की ओर रास्ता निस्तारी 20 फिट चौड़ा, पश्चिम की ओर - राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड उत्तर की ओर, राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड, दक्षिण में- राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड | 4,75,000.00 / 47,500.00 / 10,000.00 |
| 2 | **मुख्य ऋणी – श्री रवि सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसौदिया निवासी** - नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास, सीहोर जिला सीहोर **जमानतदार– श्री रूपेश सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसोदिया निवासी** -नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास सीहोर, जिला सीहोर | मांग सूचना दिनांक 31.05.2023 / कब्जा दिनांक 21.08.2023 / रु. 911631.40 + एवं दिनांक 01.05.2023 से ब्याज + अन्य व्यय | **सम्पति मालिक का नाम श्री रूपेश सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसोदिया निवासी** नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.) का **डायवर्टेड प्लाट खसरा नं.382, नया खसरा क्र.382/3/2, रकबा 1.538 है में से डायपर्टेड रकबा 2.50 एकड़ में से 2.44 एकड़ यानि 0.9 87 हैक्टयर का भाग, स्थित छावनी सीहोर, वार्ड क्र.10 (शेष वार्ड नगरपालिका परिषद क्षेत्र सीहोर, तहसील व जिला सीहोर प्लॉट की पैमाईश पूर्व से पश्चिम 25-00' फिट एवं उत्तर से दक्षिण 35-00 फिट है।** उक्त संपति की चतुर्सीमायें (हक विलेख से) निम्नानुसार हैः- पूर्व में -सोनी जी का भूखण्ड, पश्चिम में- राजेन्द्र चौहान का भूखण्ड, उत्तर में-रास्ता निस्तारी 25 फिट चौड़ा, दक्षिण में- चन्द्रवंशी जी का भूखण्ड । | 5,51,000.00 / 55,100.00 / 10,000.00 |

**नियम व शर्त :– उपरोक्त सम्पत्ति उल्लेखित आरक्षित मूल्य से कम में विक्रय नही की जायेगी,** निविदा में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि (अर्नेस्ट डिपाजिट) प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर मण्डी को देय पे आर्डर / डिमांड ड्राफ्ट के रूप में निविदायें खोलने से पूर्व दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे तक जमा करना होगा जो निविदाकर्ता के सफल होने पर समायोजित की जावेगी, अन्यथा रकम नीलामी के 7 दिवस में वापस लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकर्ता को नीलामी समाप्त होते ही विक्रय राशि की 25 प्रतिशत राशि तुरंत पे आर्डर / डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के पक्ष में देय हो, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि 15 दिवस में जमा करना होगी। ऐसा नहीं करने पर उपरोक्त धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी । सम्पत्ति जहां है जैसी है एवं जो है जैसा है के आधार पर विक्रय की जावेगी । सर्वोच्च निविदा प्राधिकृत अधिकारी मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर के अनुमोदन के अधीन होगी तथा खरीदी हुई सम्पत्ति की स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्री व अन्य संबंधित सभी खर्च खरीददार को देना होगा। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई आवश्यक अज्ञात देय राशि हुई तो वह क्रेता द्वारा ही जमा होगी। बैंक को समस्त या किसी एक निविदा या निविदा खोलने की प्रक्रिया को निरस्त या स्थगित करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं निविदा प्रक्रिया को बोली द्वारा नीलामी किये जाने हेतु स्वतंत्र होगा। अन्य विवरण तथा विक्रय उद्घोषणा संबंधित सभी जानकारियां मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर एवं प्रबंधक शाखा सीहोर मण्डी से प्राप्त की जा सकती है। **नोटः उपरोक्त निहित सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 29.11.2025 तक बैंक के संबंधित शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य किया जा सकता है।**

| | |
|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक :- 29.11.2025 दिन शनिबार, समय दोपहर 4:00 बजे तक स्थानः मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षैत्रिय कार्यालय, सीहोर | निविदा खोलनें / नीलामी की दिनांकः- 01.12.2025, दिन सोमबार, समय दोपहर 3:00 बजे स्थानः मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर |

**स्थान : सीहोर**
**दिनांकः30.10.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**